कार्यालय पुलिस नियंत्रण कक्ष
आयुक्तालय जोधपुर
Phone No.0291-2650778-779/100/112
9530440800

jodhpurpolice | @cp_jodhpur | CP Jodhpur

प्रेस नोट
(दिनांक 01.01.2026)

- **जोधपुर पुलिस की मुस्तैदी से नव वर्ष पर पूर्णतया रहा शांतिपूर्ण माहौल ।**
- **सुखद माहौल में पर्यटकों एवं जोधपुरवासियों ने नव वर्ष का किया सुस्वागत शानदार सेलिब्रेशन।**

नव वर्ष 2026 पर पर्यटकों की सुरक्षा, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु श्री ओमप्रकाश पुलिस आयुक्त जोधपुर के निर्देशानुसार, श्रीमती पीडी नित्या पुलिस उपायुक्त जिला पूर्व ,श्री विनीत कुमार बंसल पुलिस उपायुक्त जिला पश्चिम तथा श्री सुनील के पंवार अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मुख्यालय व श्रीमती शालिनीराज पुलिस उपायुक्त यातायात के सुपरविजन में पुलिस आयुक्तालय जोधपुर में चिन्हित स्थानो पर नाकाबंदी ,फ्लाइंग पार्टी ,फिक्स पिकेट पॉइंट्स पर उपलब्ध पुलिस जाब्ता -

नव वर्ष 2026 पर जिला पूर्व, जिला पश्चिमी एवं यातायात शाखा द्वारा **86** नाकाबंदी प्वाइंटों एवं **02** फ्लाइंग पार्टी तथा **202** फिक्स पिकेट पॉइंट्स पर कार्यालय पुलिस आयुक्तालय से पुलिस बल जाता उपलब्ध करवाया गया ।

इसी प्रकार जिला पूर्व, जिला पश्चिमी, यातायात शाखा द्वारा **303** स्थान पर नाकाबंदी पॉइंट, **37** फ्लाइंग पार्टी तथा **331** फिक्स पिकेट पॉइंट पर जिले से पुलिस जाब्ता तैनात किया गया।

नव वर्ष 2026 पर पुलिस अधिकारी जोधपुर में कानून व्यवस्था तथा सुरक्षा हेतु लगाया गया जाब्ता-

कार्यालय पुलिस आयुक्तालय से उपलब्ध जाब्ता **355** ,जिले से तैनात किए जाने वाले पुलिस जाब्ता **503**,यातायात शाखा से पुलिस जाब्ता **216** इस प्रकार कुल योग **1074** पुलिस जाब्ता तैनात किया ।

रिजर्व पुलिस जाब्ता **165,**पुलिस आयुक्तालय के **32** पुलिस थानों का रिजर्व पुलिस जाब्ता **320** इस प्रकार पुलिस आयुक्तालय जोधपुर में नव वर्ष पर लगने वाला संपूर्ण पुलिस जाब्ता **1559** पुलिस जाब्ता तैनात किया गया।

नव वर्ष पर पर्यटकों की सुरक्षा हेतु फिक्स पैकेट्स लगाए गए। प्रभारी श्रीमती शालिनी राज अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात एवं श्री सुनील के.पंवार अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मुख्यालय के सुपरविजन एवं पर्यटन थानाधिकारी के नेतृत्व में लगभग 32 पर्यटन एवं हेरिटेज स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल जाब्ता लगाया गया।

महिला पर्यटकों के लिए जिला पूर्व व पश्चिम में एक-एक मोबाइल वाहन की व्यवस्था की गई। जिसमें संपूर्ण पुलिस जाब्ता महिला पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया। साथ ही महिला पर्यटकों की सुरक्षा व्यवस्था हेतु महिला पुलिस कर्मियों की एक स्पेशल क्यूआरटी को तैनात किया गया। तथा महिला पर्यटकों के जान माल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ईस्ट व वेस्ट की भी निरंतर पर्यटन स्थलों ,होटल आदि क्षेत्रों में निरंतर 31st एवं नव वर्ष शुभारंभ पर विशेष गश्त रही।

पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र जोधपुर में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्तगण व समस्त वृत सहायक पुलिस आयुक्तगण के नेतृत्व में समस्त पुलिस थानाधिकारीयों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में, शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालको के विरूद्ध 185 एमवी एक्ट व 184 एम .वी .एक्ट में कार्यवाही करने तथा राजकोप ऐप पर संदिग्ध व्यक्तियों के फोटो मिलान करना , भारी वाहन /वाहन की चैकिंग ,संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही, बिना नंबरी, काला शीशा लगे वाहनों, तीन सवारी , नो पार्किंग, क्षमता से अधिक सवारी वाहनों, खतरनाक तरीके, तेज गति से चलाने वाले वाहन चालकों तथा रॉन्ग साइड वाहन चलाने वाले चालकों के विरूद्ध एम.वी. एक्ट की कार्यवाही करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशों की पालना में समस्त वृत अधिकारीयों ने अपने-अपने क्षेत्र के सभी थाना अधिकारी एवं पुलिस बल को इस अभियान के संबंध में ब्रीफ कर अलग-अलग टीमें बनाकर ज्यादा से ज्यादा कार्यवाही करने हेतु रवाना किया गया।

जोधपुर आयुक्तालय क्षेत्र के जिला पूर्व ,जिला पश्चिम एवं यातायात पुलिस द्वारा कुल **07** काले शीशे लगे वाहनों, **06** बिना नंबरी वाहनों, शराब पीकर वाहन चलाने वाले **15** वाहन चालकों का 185 एमवी एक्ट में, तीन सवारी **07** दुपहिया वाहन चालकों ,रॉन्ग साइड वाहन चलाने वाले **87** वाहन चालकों, बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले **57** वाहन चालकों, बिना रिफ्लेक्टर वाहन चलाने वाले **03** वाहन चालकों, बिना वर्दी वाहन चलाने वाले **03** वाहन चालको, नो पार्किंग में खड़े **61** वाहनों, मोबाइल पर बात करने वाले **03** वाहन चालकों, क्षमता से अधिक सवारी बिठाने वाले एक वाहन, खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वाले एक वाहन ,ओवर स्पीड से चलने वाले **42** वाहनों, बिना परमिट वाहन चलाने वाले **01** वाहन, ट्रैफिक सिग्नल की पालना नहीं करने वाले **02** वाहन चालकों, बिना रिफ्लेक्टर वाहन चलाने वाले **03** वाहनों , बिना इंश्योरेंस वाहन चलाने वाले **03** वाहनों ,बिना परमीट वाहन चलाने वाले **02** वाहनों का यातायात नियमों की पालना नहीं करने पर एमवी एक्ट में चालान कार्यवाही की गई, **256** संदिग्ध वाहन चेक किए गए तथा राजकोप ऐप पर कुल **91** संदिग्ध व्यक्तियों का फोटो मिलान के साथ **01** संदिग्ध व्यक्तियों का पर्चा 'बी" भरा गया तथा **18** वाहनों का अन्य एमवी एक्ट में चालान कार्यवाही की गई।

यातायात पुलिस द्वारा नव वर्ष पर नवाचार करते हुए आमजन को नव वर्ष पर संदेश दिया कि नव वर्ष का शुभारंभ "दारू पीकर नहीं दूध पीकर करें" ताकि घर ,परिवार ,समाज व शहर में शांति व सौहार्द का वातावरण बना रहे। जोधपुर शहर में ट्रैफिक एडीसीपी श्रीमती शालिनीराज के सुपरविजन में जालोरी गेट चौराहा पर दूध की स्टाल लगाई गई । जो अनेक लोगों को प्रेरित किया ,दारू की जगह दूध पीकर नव वर्ष का स्वागत किया। श्री ओम प्रकाश पुलिस आयुक्त महोदय एवं श्री सुनील के पंवार अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मुख्यालय ,श्रीमती शालिनीराज एडीसीपी यातायात, श्री अमृतलाल एडीसीपी परामर्श केंद्र ,श्रीमती छवी शर्मा सहायक पुलिस आयुक्त वृत्त पश्चिम द्वारा जालोरी गेट चौराहा पर लोगों को दूध पिलाकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी । अनेक जोधपुरवासियों ने ऐसे कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भाग लिया,कानून एवं शांति व्यवस्था बनाने में पुलिस का भरपूर सहयोग दिया। जिस पर पुलिस आयुक्त महोदय ने सभी का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

आमजन से आग्रह है कि आपके आस-पास क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गैरकानूनी, अनैतिक, अवैध शराब/मादक पदार्थ बिक्री व संदिग्ध व्यक्ति आदि की जानकारी होने पर इसकी सूचना तुरंत संबंधित पुलिस थाना या पुलिस नियंत्रण कक्ष 100/112 व व्हाट्सएप नंबर 9530440800 पर सूचित करें।

प्रभारी

पुलिस नियंत्रण कक्ष

आयुक्तालय जोधपुर

हॉस्पिटल
पुलिस चौकी जालोरीगेट
291-2650868